बीबीएमबी 42 मेगावाट की बग्गी जलविद्युत परियोजना विकसित करेगा

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की उपस्थिति में 26.08.2022 शुक्रवार को शिमला में 42 मेगावाट क्षमता की बग्गी जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए पूर्व कार्यान्वयन अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए। प्रदेश सरकार की ओर से ऊर्जा विभाग के निदेशक हरिकेश मीणा तथा बीबीएमबी के सचिव सतीश सिंगला अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता थे। इस अवसर पर सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सुरेश कश्यप, बीबीएमबी की ओर से अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, सदस्य विद्युत श्री हरमिंदर सिंह चुघ, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी श्री जे.एस.काहलों, विशेष सचिव श्री अजय शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मण्डी जिले में बग्गी परियोजना का निर्माण बीबीएमबी द्वारा किया जाएगा। बीबीएमबी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बग्गी जल विद्युत परियोजना की अनुमानित लागत 285 करोड रूपये है। इस परियोजना के आरंभ होने के बाद वार्षिक 135.6 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन होगा। भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत 4.21 करोड़ रूपये का योगदान दिया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू होने के उपरांत 30 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा।

BBMB to Develop 42MW Baggi Hydro Electric Project

Pre-Implementation Agreement for construction of 42 MW Baggi Hydro Electric Project was signed at Shimla on Friday, 26.08.2022 in the presence of Chief Minister Himachal Pradesh, Sh. Jairam Thakur. Harikesh Meena, Director/Energy Department on behalf of the state government and Satish Singla, Secretary, BBMB were the authorized signatories. MP and State BJP President Mr. Suresh Kashyap, Chairman Mr. Sanjay Srivastava from BBMB, Member Power Mr. Harminder Singh Chugh, Financial Advisor and Chief Accounts Officer Mr. J.S. Kahlon, Special Secretary Mr. Ajay Sharma and other senior officers were present on the occasion.

The Baggi project in Mandi district will be constructed by BBMB. Chairman BBMB Sanjay Srivastava said that the estimated cost of the Baggi Hydro Electric Project is Rs 285 crore. After the commencement of this project, 135.6 million units of electricity will be generated annually. A contribution of Rs 4.21 crore will be made by the Bhakra Beas Management Board under the Local Area Development Fund in the project affected area. The construction of this project will be completed in 30 months after the start of the work.

हिमाचल

देवभूमि